आकाशवाणी शिमला
22.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

पीएम–रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 19वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौपेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। यह रोजगार मेला देश में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। देश के सभी हिस्सों से चयनित ये युवा रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग सहित भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में कार्यभार संभालेंगे।

भेंट

प्रदेश के लोकायुक्त चंद्र भूषण बरोवालिया ने आज लोकभवन शिमला में राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर बरोवालिया ने राज्यपाल को लोकायुक्त कार्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और संस्था की कार्यप्रणाली व जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। कविन्द्र गुप्ता ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में लोकायुक्त संस्था की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पारदर्शिता, जवाबदेही तथा सुशासन को सुदृढ़ बनाने में लोकायुक्त की भूमिका अहम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह संस्था भविष्य में भी निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं जनविश्वास के साथ अपने दायित्वों का प्रभावी निर्वहन करती रहेगी।

पंचायत चुनाव

प्रदेश में 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में होने वाले पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए प्रत्याशी लोगों से अपने–अपने पक्ष में समर्थन मांग रहे हैं। इन चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए प्रशासन व पुलिस विभाग ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। प्रदेश के सीमावर्ती ज़िला सिरमौर में पुलिस विभाग अलर्ट मोड़ पर है और तीन राज्यों के साथ लगते इस ज़िले में बाहरी राज्यों से शराब तस्करी की संभावनाओं पर पुलिस कड़ी नजर रख रही है। पुलिस अधीक्षक निश्चिंत सिंह नेगी ने कहा कि ज़िले के अंतर्राज्यीय नाकों पर पुलिस द्वारा अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की जा रही है। उन्होंने बताया कि पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के दौरान सिरमौर ज़िला में करीब 5 सौ पुलिस व होमगार्ड के जवान तैनात रहेंगे।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज बैंगलुरू में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से भेंट की। इस दौरान उन्होंने कर्नाटक व हिमाचल प्रदेश में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व विकासात्मक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की। विक्रमादित्य सिंह ने कर्नाटक में सड़क निर्माण और इन्हें पक्का करने की नई तकनीक के बारे में जानकारी ली ताकि इसे हिमाचल में भी उपयोग में लाया जा सके। उन्होंने कहा कि हिमाचल के लोक निर्माण व शहरी विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को कर्नाटक में शहरी विकास व अधोसंरचना निर्माण में अपनाए जा रहे सफल मॉडल्स के अध्ययन के लिए भेजा जाएगा। कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों राज्यों द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी नीतियों व विकास कार्यों का दोनों सरकारें अध्ययन करेंगी।

मौसम

राजधानी शिमला सहित राज्य के अनेक भागों में आज हल्की वर्षा व हवाएं चलने से तापमान में मामूली गिरावट आई है जिससे लोगों को तपती गर्मी से कुछ राहत मिली है। कुल्लू में आज दोपहर तक जोरदार बारिश हुई जबकि रोहतांग सहित मनाली की ऊंची चोटियों पर बर्फ के फाहे गिरे। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के निदेशक शोभित कटियार ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम में ये बदलाव आया है और कल भी प्रदेश के अलग–अलग स्थानों पर ओलावृष्टि व वर्षा की संभावना है। उन्होंने बताया कि 24 मई के बाद प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा जिससे कई स्थानों पर तापमान बढ़ेगा।

परीक्षा

संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 24 मई को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर प्रदेश में स्थापित परीक्षा केन्द्रों में प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। धर्मशाला में इस परीक्षा के लिए 6 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं और दो सत्रों में होने वाली इस परीक्षा में कुल एक हज़ार 9 सौ 35 अभ्यार्थी हिस्सा लेंगे। ज़िला प्रशासन ने परीक्षा को शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं।